शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए मई, 2024 माह का मासिक सारांश:

माह मई, 2024 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियाँ

(i) मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के अंतर्गत 'डिजाइन और उद्यमिता पर क्षमता निर्माण (सीबीडीई)' कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम सलाहकार परिषद, सीबीडीई के सदस्यों; उद्योग जगत के परामर्शदाताओं; शॉर्टलिस्ट किए गए उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) के प्रतिनिधियों; प्रमुख अन्वेषकों और सह-प्रमुख अन्वेषकों; और विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

(ii) राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (उच्चतर शिक्षा) 2024 के लिए नामांकन प्राप्त करने हेतु पोर्टल का शुभारंभ किया गया। नामांकन जमा करने के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। ये पुरस्कार तकनीकी और गैर-तकनीकी उच्च शिक्षण संस्थानों के उदाहरणपरक शिक्षकों/संकाय सदस्यों और पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षकों को प्रदान किए जाएंगे। निम्नलिखित व्यापक विषयों के आधार पर पहली श्रेणी के अंतर्गत तीन उप-श्रेणियां होंगी: इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला; गणित सहित शुद्ध विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जैविक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, चिकित्सा, फार्मेसी; तथा कला और सामाजिक विज्ञान, मानविकी, भाषा, कानूनी अध्ययन, वाणिज्य और प्रबंधन। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 20.06.2024 है। चयनित पुरस्कार विजेताओं को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और उल्लेखनीय शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर (शिक्षक दिवस) को सम्मानित किया जाएगा।

(iii) 08.05.2024 को डाटा-संचालित और एआई-सक्षम प्रशासन के महत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यों पर चर्चा करने के लिए 'मार्गदर्शकों के लिए डिजिटल तैयारी' कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र में उप सचिव/निदेशक और उससे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों ने भाग लिया।

(iv) उच्च शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की अवधारणा बनाई गई, जिसमें एनईपी, 2020 के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्यकलाप शामिल हैं। इनमें मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तत्वावधान में 'सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने' पर केंद्र द्वारा वित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल है। इस संबंध में सभी केंद्रीय वित्तपोषित संस्थानों (सीएफआई) के डीन छात्र कल्याण संगठन के साथ ऑनलाइन ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया।

इसके बाद, 10.05.2024 और 24.05.2024 को सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण पर 12 केंद्रीय वित्तपोषित संस्थानों (सीएफआई) के साथ दो ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। इन केंद्रीय वित्तपोषित संस्थानों (सीएफआई) के 200

से अधिक संकाय सदस्यों ने युवा मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण- जीवनकाल परिप्रेक्ष्य; मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य मुद्दों में प्रारंभिक पहचान और पहल एवं कल्याण हेतु मापनीय पद्धतियों की स्थापना - उत्कृष्ट / अनुकरणीय केंद्रों का विकास करने पर संसाधन व्यक्तियों के साथ बातचीत की है।

(v) 27 उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए 13-14 मई 2024, 16-17 मई 2024 और 20-21 मई 2024 को विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं संबंधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर दो दिवसीय "क्षेत्रवार व्यक्तिगत कार्यशालाएँ" आयोजित की गईं। इस कार्यशाला के दौरान, मुख्य फोकस पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन योजना की समीक्षा और उसे अंतिम रूप देने, मार्गदर्शन करने, उच्च शिक्षण संस्थान आधारित पहल कार्यनीति को डिजाइन और कार्यान्वित करने पर था। इस कार्यशाला के माध्यम से 150 से अधिक संकाय सदस्यों को लक्षित किया गया।

(vi) संयुक्त सचिव (आईसी) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 20 से 22 मई, 2024 तक ब्रासीलिया में जी-20 एडडब्ल्यूजी बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। "शिक्षकों की क्षमता निर्माण और जी-20 देश मिलकर क्या कर सकते हैं" विषय पर चर्चा हुई।

(vii) आईआईटी हैदराबाद में डिजाइन नवाचार केन्द्रों की अखिल भारतीय बैठक आयोजित की गई जिसमें मंत्रालय की एनआईडीआई योजना के तहत 20 डीआईसी हब और 62 स्पोक संस्थानों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य योजना के तहत की गई प्रगति की समीक्षा करना और इकाइयों के बीच अधिक तालमेल को बढ़ावा देना, डिजाइन इनोवेशन सोच और इसके अध्ययन को 62 हब संस्थानों से आगे बढ़ाने के लिए तंत्र तैयार करना और मजबूत उद्योग संपर्क बनाना था।

***